**भारत सरकार**
**विद्युत मंत्रालय**
**....**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 798**
**दिनांक 10 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ**

**भारत में वर्तमान में क्रियाशील और आगे भविष्य में क्रियाशील होने वाले डेटा सेंटरों की बिजली की मांग के संबंध में**

**798. श्री कार्तिकेय शर्मा:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत में वर्तमान में क्रियाशील और आगे भविष्य में क्रियाशील होने वाले डेटा सेंटरों की कुल बिजली की मांग कितनी है, यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) डेटा सेंटरों, विशेष रूप से शहरी केंद्रों में उपयोगी और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या डेटा सेंटरों के लिए बिजली आपूर्ति योजनाओं में नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोंतों को एकीकृत किया जा रहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए डेटा सेंटर डेवलपर्स को क्या प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**विद्युत राज्य मंत्री**
**(श्री श्रीपाद नाईक)**

**(क) से (घ) :** उद्योग अनुसंधान की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में डेटा सेंटर की क्षमता सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) लोड के 854 मेगावाट है। भारत में भविष्य में क्रियाशील होने वाले डेटा सेंटर के कारण विद्युत की मांग बढ़ने की संभावना है और वित्त वर्ष 2031-32 तक 5,640 मेगावाट होने का अनुमान है। इसमें से 3,535 मेगावाट मांग वित्त वर्ष 2027-28 तक और शेष 2,105 मेगावाट मांग वित्त वर्ष 2031-32 तक होने की संभावना है। आगामी डेटा सेंटर का राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध-I** पर है।

महाराष्ट्र के नवी मुंबई एवं तेलंगाना के शादनगर में आगामी डेटा सेंटर के लिए पारेषण प्रणाली की योजना बनाई गई है।

विद्युत अधिशेष क्षेत्रों से विद्युत की कमी वाले क्षेत्रों में विद्युत के अंतरण की सुविधा के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय ग्रिड स्थापित किया गया है। विद्युत उत्पादन और विद्युत की मांग में वृद्धि के अनुरूप राष्ट्रीय ग्रिड की क्षमता का निरंतर आधार पर विस्तार किया जा रहा है। राष्ट्रीय विद्युत योजना (पारेषण) अक्टूबर, 2024 में जारी की गई थी, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, वर्ष 2032 तक 6,00,000 मेगावाट से

अधिक नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) उत्पादन क्षमता के एकीकरण के लिए पारेषण प्रणाली की रूपरेखा तैयार की गई है। राष्ट्रीय ग्रिड में एकीकृत किए जा रहे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से डेटा केंद्रों की विद्युत की मांग को भी पूरा किया जा सकेगा।

कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसी कई राज्य सरकारों ने निवेश आकर्षित करने और डेटा सेंटर के अवसंरचना विकास को बढ़ावा देने के लिए डेटा सेंटर नीतियों की शुरूआत की है। इस प्रोत्साहन में डेटा सेंटर को अवसंरचना का दर्जा देना, अनुमोदन प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम, कर में छूट शामिल हैं। इसके अलावा, कई राज्यों ने ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग, नवीकरणीय ऊर्जा के लिए कम शुल्क और कार्बन फुटप्रिंट आदि को कम करने के लिए प्रोत्साहन/सब्सिडी प्रदान की है। इन नीतियों का सामूहिक उद्देश्य डेटा सेंटर संचालकों के लिए अनुकूल वातावरण बनाना, उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति करना और डिजिटल अर्थव्यवस्था में विकास को बढ़ावा देना है।

**रा.स.अतारां.प्र.सं. 798**

**अनुबंध-I**

**भविष्य में क्रियाशील होने वाले डेटा सेंटर का राज्य-वार विवरण:**

| क्रम सं. | विद्युत क्षमता आवश्यकता (मेगावाट) | स्थान | संभावित समय-सीमा |
|---|---|---|---|
| 1 | 700 | मुंबई, महाराष्ट्र | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 2 | 200 | ग्रेटर नोएडा, यूपी | वित्तीय वर्ष 2031-32 |
| 3 | 70 | ग्रेटर नोएडा, यूपी | वित्तीय वर्ष 2031-32 |
| 4 | 127 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 5 | 352 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 6 | 37 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 7 | 180 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 8 | 161 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 9 | 160 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 10 | 38 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 11 | 195 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 12 | 430 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 13 | 285 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 14 | 285 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 15 | 225 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 16 | 90 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 17 | 125 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2031-32 |
| 18 | 95 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2031-32 |
| 19 | 90 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2031-32 |
| 20 | 95 | चेन्नई, तमिलनाडु | वित्तीय वर्ष 2031-32 |
| 21 | 200 | विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश | वित्तीय वर्ष 2031-32 |
| 22 | 1500 | शादनगर, तेलंगाना | वित्तीय वर्ष 2031-32 |
| **कुल** | **5640** | | |

**********